# Bihar Board Class 9 Geography Solutions Chapter 7 भारत के पड़ोसी देश

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न 1.
नेपाल की सीमा भारत के किस राज्य से मिलती है ?
(क) अरूणाचल प्रदेश
(ख) मणिपुर
(ग) सिक्किम
(घ) पंजाब
उत्तर-
(ग) सिक्किम

प्रश्न 2.
महाभार लेख क्या है ?
(क) पर्वत श्रृंखला
(ख) लेखागार
(ग) मैद
(घ) राजमहल
उत्तर-
(क) पर्वत श्रृंखला

प्रश्न 3.
गंडक नदी को नेपाल में किस नाम से जाना जाता है ?
(क) काली गंडल नदी
(ख) नारायणी नदी
(ग) त्रिशुल नदी
(घ) कृष्णा नदी
उत्तर-
(ख) नारायणी नदी

अतिलघु उत्तरीय

प्रश्न 1.
नेपाल के सर्वोच्च शिखर का नाम एवं ऊँचाई बताएँ।
उत्तर-
नेपाल का सर्वोच्च शिखर माउन्ट एवरेस्ट (सागर माथा) है जिसकी ऊँचाई 8848 मीटर है।


https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 2.
नेपाल की तीन प्रमुख नदियों के नाम लिखें।
उत्तर-
तीन प्रमुख नदी-कोसी, गण्डक, करनाली हैं।

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1.
नेपाल के पड़ोसी देश और सीमावर्ती भारतीय राज्यों का नाम लिखें।
उत्तर-
नेपाल के पड़ोसी देश-भारत और चीन हैं तथा सीमावर्ती भारतीय राज्यों में-पूर्व में सिक्किम तथा पश्चिम बंगाल, पश्चिम में उत्तराखंड तथा दक्षिण में बिहार उत्तर प्रदेश राज्य हैं।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1.
नेपाल की अर्थव्यवस्था का विवरण दीजिए।
उत्तर-
नेपाल की अर्थव्यवस्था का आधार कृपि, पशुपालन, खनन और उधोग हैं।
कृषि-नेपाल के 18% भूभाग पर खेती होती है । मुख्य खाद्यान्नों में चावल, मक्का और गेहूँ, ज्वार-बजरा आदि हैं । व्यापारिक फसलों में जूट, गन्ना, फल, तम्बाकू चाय तथा कपास मुख्य हैं। देश के कुल कृपि उत्पादन का 70% भाग अकेले पूर्वी तराई प्रदेश से आता है । काठमाण्डू घाटी में सघन कृपि होती है जिसमें चावल तथा फल और सब्जी की कृषि मुख्य है।

प्रायः पूरे नेपाल में भेड़, बकरियाँ बहुतायत से पाली जाती हैं। ये सभी वहाँ की अर्थ व्यवस्था में सहयोग प्रदान करते हैं।

खनन-नेपाल में खनिजों का अभाव है। अभ्रक यहाँ का मुख्य खनिज है। अल्प मात्रा में लिग्नाइट, ताँबा, कोबाल्ट आदि मिलते हैं। शक्ति के साधन के रूप में भारत के सहयोग से देती घाट जल विद्युत परियोजना चालू की गयी है ।

उद्योग-औद्योगिक दृष्टि से नेपाल एक पिछड़ा देश है। यहाँ बड़े उद्योगों के स्थापित होने वाले कारकों का अभाव है । यहाँ कृषि एवं वन पर आधारित उद्योगों का विकास किया जा रहा है । यहाँ पर सूतीवस्त्र. चीनी, जूट, चमड़ा, वनस्पति तेल, तम्बाकू, दियासलाई, कागज तथा लुग्दी इत्यादि का निर्माण होता है । यहाँ सीमेंट तथा कृषि उपकरण भी बनाए जा रहे हैं।

पर्यटन-यहाँ के प्राकृतिक सौन्दर्य, धार्मिक स्थल तथा पर्वतारोहण सैलानियों को आकर्षित करते हैं। अतः यहाँ पर्यटन उद्योग का तेजी से विकास हो रहा है।

व्यापार-नेपाल के व्यापार खनन एवं उद्योग में हो रही वृद्धि के कारण नेपाल के विदेश व्यापार और आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो रहा हैं । यहाँ का व्यापार मुख्यतः भारत, बंगलादेश, चीन तथा भूटान क साथ होता है । यहाँ से सूती वस्त्र, खाद्य पदार्थ तथा जड़ी-बूटी का निर्यात किया जाता है।


https://www.evidyarthi.in/

विराटनगर में जूट, चीनी, दियासलाई, प्लाईउड, आदि बनते हैं। विराटनगर नेपाल का एकमात्र औद्योगिक नगर है, जहाँ पचासों उद्योग . स्थापित हैं।

प्रश्न 2.
नेपाल की जलवायु, मृदा और जलप्रवाह का वर्णन कीजिए।
उत्तर-
नेपाल की जलवायु शीत प्रधान है।
(i) ताप-यहाँ की जलवायु पर्वतों से प्रभावित है। उत्तर की ओर बढ़ती ऊँचाई के साथ तापमान घटता जाता है। तराई भाग में औसत मासिक तापमान 15 से 32°C मिलता है। पर 2000 मीटर की ऊँचाई पर यह घटकर 4 से 16°C तक आ जाता है । काठमाण्डू का तापमान
जाड़े में 2°C से भी नीचे चला आता है जबकि गर्मी में 30°C तक चला जाता है। यहाँ मार्च से अगस्त तक ग्रीष्म ऋतु तथा सितम्बर से फरवरी तक शीत ऋतु रहती है।

(ii) वर्षा-गर्मी में मौनसूनी हवाओं से नेपाल के पूर्वी भागों में 200 सें० मी० तथा पश्चिम भाग में 100 सें. मी० सालाना वर्षा होती है । जाडे में देश के उत्तरी भाग में हिमपात होते हैं तथा शीतकालीन चक्रवातीय वर्षा भी होती है।

मृदा-नेपाल की तराई में जलोढ़ मिट्टी पाई जाती है। निचले पर्वतीय ढालों पर लैटराइट तथा मध्यपर्वतीय प्रदेश में अनउपजाऊ भूरी पॉडजोल मिट्टी पाई जाती है।

जलप्रवाह-नेपाल में पूर्व से पश्चिम तीन प्रमुख नदी तंत्र है-कोसी, गण्डक तथा घाघरा नदी । यहाँ की सबसे बड़ी नदी करनाली है, जो घाघरा की सहायक नदी तथा पश्चिमी नेपाल में बहती हुई भारत में प्रवेश करती है। मध्य नेपाल में गण्डक नदी जिसे यहाँ नारायणी नदी भी कहते हैं तथा पूर्वी नेपाल में कोसी को सप्तकोसी कहते हैं।

सभी नदियाँ उत्तर से दक्षिण प्रवाहित होकर भारत की सीमा में प्रवेश करती है। ढालुआँ भूमि होने के कारण इन नदियों में तीव्र प्रवाह होता है जिससे विद्‌युत उत्पादन की भारी संभावना है।

प्रश्न 3.
नेपाल की अर्थव्यवस्था पर उद्योगों के प्रभाव का वर्णन कीजिए। _
उत्तर-
नेपाल की अर्थव्यवस्था में उद्योगों का थोड़ा-बहुत हाथ है क्योंकि नेपाल में बड़े उद्योगों स्थापित करने के लिए उपयुक्त कारकों का अभाव है। यहाँ सूती वस्त्र उद्योग, चीनी, जूट, चमड़ा, तम्बाकू, दियासलाई, कागज की लुदगी तथा वनस्पति तेल के उद्योग प्रमुख हैं विराटनगर में जूट, चीनी, दियासलाई और प्लाईउड, के अतिरिक्त छोटे-बड़े पचासों उद्योग स्थापित हैं। वीरगंज तथा जनकपुर दोनों व्यापारिक नगर हैं । वीरगंज में दियासलाई और सिगरेट के कारखाने हैं।

नेपाल का अभी तक का सबसे विकसित उद्योग पर्यटन उद्योग है जो इसके प्राकृतिक सौन्दर्य, पर्वतारोहण की अनुकूल दशाओं प्रागैतिहासिक काल की धार्मिक धरोहरों के कारण ही है। – इस प्रकार ये सभी नेपाल के आर्थिक क्रियाकलाप में सहयोग प्रदान करते हैं।

मानचित्र कार्य (परियोजना कार्य)


https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 1.
एटलस की सहायता से नेपाल का मानचित्र बनाएँ तथा उसपर नेपाल के प्रमुख पर्वत शिखरों और औद्योगिक केन्द्रों को दिखायें।
उत्तर-
नेपाल के मानचित्र पर प्रमुख पर्वत शिखर तथा औद्योगिक केन्द्र का प्रदर्शन –




(ब) भूटान

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

बहुविकल्पीय प्रश्न :

प्रश्न 1.
भूटान की राजधानी कहाँ है ?
(क) काठमांडू
(ख) ढाका
(ग) थिम्फू
(घ) रंगून
उत्तर-
(ग) थिम्फू

प्रश्न 2.
भूटान हिमालय की सर्वाधिक ऊँचाई पर है ?
(क) 8848 मीटर
(ख) 7554 मीटर
(ग) 7115 मीटर
(घ) 8850 मीटर
उत्तर-
(ख) 7554 मीटर

प्रश्न 3.
भूटान में औसत वार्षिक वर्षा होती है ? ।
(क) 350 सें० मी०
(ख) 300 सें० मी०


https://www.evidyarthi.in/

(ग) 250 सें० मी०
(घ) 380 सें० मी०
उत्तर-
(ग) 250 सें० मी०

प्रश्न 4.
भूटान के कितने प्रतिशत क्षेत्र पर वनों का विस्तार है ?
(क) 20%
(ख) 50%
(ग) 70%
(घ) 21%
उत्तर-
(ग) 70%

प्रश्न 5.
भूटान की साक्षरता दर कितनी प्रतिशत है ?
(क) 30%
(ख) 40%
(ग) 42%
(घ) 50%
उत्तर-
(ग) 42%

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1.
भूटान के धरातल का विवरण दीजिए ।
उत्तर-
भूटान के दक्षिणी किनारे पर लगभग 16 किलोमीटर चौड़ी मैदानी पट्टी है जिसे द्वार कहते हैं। द्वार प्रदेश 600 मीटर तक ऊँची एक संकरी पट्टी है। मैदाने के उत्तर में निचले हिमालय पर्वत हैं जिनकी ऊँचाई 1500 से 3000 मीटर के बीच है। इन पर्वतमालाओं के उत्तर में ग्रेटर हिमालय है जिसकी भूटान में सर्वाधिक ऊँचाई 7574 मीटर है।

प्रश्न 2.
भूटान के आर्थिक संसाधनों का संक्षेप में वर्णन करें।
उत्तर-
भूटान के आर्थिक संसाधन हैं

- मिट्टी- भूटान में लगभग 16 किमी० चौड़ी मैदानी पट्टी है।’ यह 600 मीटर तक ऊँची एक संकरी पट्टी है।
- कृषि-यहाँ की 10% से भी कम भूमि पर कृषि होती हैं । कृषि कार्य नदियों की आंतरिक घाटियों एवं मध्यम ढालों पर होता है । यहाँ चावल, गेहूँ, जौ, आलू, मक्का तथा सब्जियाँ होती हैं।
- खनिज-यहाँ खनिजों का अभाव है । यहाँ कुछ खनिज जैसे कोयला जिप्सम, डोलोमाइट मिलते हैं । परन्तु इनका विकास नहीं हुआ है।


https://www.evidyarthi.in/

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1.
भूटान का संक्षिप्त परिचय लिखें।
उत्तर-
भूटान भारत का एक पड़ोसी देश है। इसका क्षेत्रफल 46,500 वर्ग किलोमीटर हैं। इसके उत्तर में चीन, पूर्व में अरुणाचल प्रदेश, दक्षिण में असम तथा पश्चिम में सिक्किम स्थित हैं। भूटान की राजधानी थिम्फू है।

भूटान पूर्णतः हिमालय पर्वत पर स्थित है। इसकी जलवायु पर्वतीय मौनसूनी है। यहाँ सालोभर कठोर सर्दी पड़ती है। पर्वतों के दक्षिणी ढलानों पर अधिक वर्षा होती है 500 से 750 सेमी० तक । यहाँ पाये जानेवाले वृक्षों में चीड़, ओक, मेपल, पोपलर, वालनट आदि हैं। कृषि के तहत यहाँ चावल, गेहूँ, जौ, आलू, मक्का तथा सब्जियाँ है।।

खनिजों के अभाव में उद्योग धंधों का विकास नहीं हो पाया है। यहाँ लघु तथा कुटीर उद्योगों का विकास हुआ है।

प्रश्न 2.
भूटान की जलवायु की विशेषताओं की व्याख्या करें।
उत्तर-
भूटान की जलवायु पर्वतीय मौनसूनी है।।
(i) ऊँचाई का प्रभाव-ताप-यहाँ तापमान पर ऊँचाई का स्पष्ट प्रभाव पड़ता है। वर्ष भर कठोर सर्दी पड़ती है। जनवरी का औसत तापमान 42 सें० तथा जुलाई का 17° सें० रहता है।

वर्षा-185 सें. मी. से अधिक मई से सितम्बर के मध्य में होती है। वार्षिक वर्षा का औसत 250 सें० मी० है।

(ii) मैदानी भाग-यहाँ की जलवायु उष्ण कटिबंधीय है जिसमें जनवरी का महीना ठंढा होता है लगभग 1050 मीटर से 2250 मीटर ऊँचे पर्वतीय प्रदेश में जलवायु शीतोष्ण है। यहाँ पर्वतों के दक्षिणी ढलानों पर अधिक वर्षा 500 से 750 सें० मी० तक होती है।

प्रश्न 3.
भूटान की कृषि विशेषता तथा औद्योगिक विकास का वर्णन करें।
उत्तर-
भूटान की कृषि-यहाँ मात्र 10% से भी कम भूमि पर कृषि कार्य होता है। कृषि कार्य नदियों की आंतरिक घाटियों एवं मध्यम ढालों पर होता है। पश्चिमी भागों में कृषि अधिक विकसित है। पूर्वी भाग में स्थानांतरण कृषि होती है। यहाँ चावल, गेहूँ, जौ, आलू, मक्का तथा सब्जियाँ उपजाई जाती हैं।

औद्योगिक विकास-इस दृष्टि से भूटान बहुत पिछड़ा तथा परिवहन के साधनों की कमी के कारण यहाँ संसाधनों के विकास में भारी कठिनाई है। लघु तथा कुटीर उद्योगों की स्थापना हुई है। यहाँ प्लाइउड, पैकिंग, डिस्टिलरी, रेजिन व तारपीन के तेल के उद्योग स्थापित हैं। यहाँ पर्यटन उद्योग का विकास हो रहा है।

(स) बंगलादेश

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

बहुविकल्पीय प्रश्न :


https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 1.
बंगलादेश का पूर्व का नाम क्या था ?
(क) पूर्वी पाकिस्तान
(ख) पूर्वी बंगाल
(ग) पाकिस्तान
(घ) मुजीबनगर
उत्तर-
(क) पूर्वी पाकिस्तान

प्रश्न 2.
भारत के साथ बंगलादेश की स्थलीय सीमा कितनी लम्बी है ?
(क) 4018 कि० मी०
(ख) 4096 कि० मी०
(ग) 4180 कि० मी०
(घ) 4009 कि० मी०
उत्तर-
(ख) 4096 कि० मी०

प्रश्न 3.
बंगलादेश कब स्वतंत्र हुआ?
(क) 17 दिसम्बर, 1970
(ख) 18 अक्टूबर, 1971
(ग) 17 दसम्बर, 1971
(घ) 18 मार्च, 1981
उत्तर-
(ग) 17 दसम्बर, 1971

प्रश्न 4.
बंगलादेश एशिया महाद्वीप के किस भाग में है ?
(क) पश्चिमी भाग
(ख) दक्षिणी भाग
(ग) उत्तरी भाग
(घ) पूर्वी भाग
उत्तर-
(घ) पूर्वी भाग

प्रश्न 5.
ब्रह्मपुत्र नदी को बंगलादेश में किस नाम से जाना जाता है ?
(क) मेघना
(ख) जमुना
(ग) सूरमा

(घ) कर्णफूली
उत्तर-
(ख) जमुना

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1.
ढाका नगर की स्थिति एवं महत्त्व पर प्रकाश डालें।
उत्तर-
बंगलादेश की राजधानी ढाका है। यह नदियों के संगम पर बसा. एक उद्योग प्रधान केन्द्र है तथा सबसे बड़ा नगर है । यह आंतरिक नदी का बन्दरगाह भी है।

प्रश्न 2.
बंगलादेश के धरातल का विवरण दीजिए।
उत्तर-
बंगलादेश एक डेल्टाई प्रदेश है जो विश्व के बड़े डेल्टा गंगा-ब्रह्मपुत्र के मध्य स्थित है। इस मैदान के अधिकतर भाग की ऊँचाई समुद्र तल से 25 मीटर से मी कम हैं । यहाँ के मैदान प्रतिवर्ष नदियों द्वारा लाई मिट्टी से बने होने के कारण काफी उर्वर हैं । यहाँ तटवर्ती क्षेत्र दलदली क्षेत्र है। डेल्टा क्षेत्र में तट के पास नदियों द्वारा जमा की गई मिट्टी के कारण अनेक छोटे-छोटे टापू बन गए हैं । बंगलादेश के पूर्वी तट पर स्थित कॉक्स बाजार विश्व का सबसे बड़ा बालुई 'बीच' है। . चटगाँव एवं सिलहट क्षेत्र में कम ऊँचाई वाले पर्वतों की श्रृंखलाएँ पाई जाती हैं।

प्रश्न 3.
बंगलादेश के आर्थिक संसाधनों का संक्षेप में वर्णन करें।
उत्तर-
बंगलादेश के आर्थिक संसाधनों में कृषि, खनिज और उद्योग प्रमुख है। कृषि का सर्वप्रमुख क्षेत्र मैदानी भूमि है। जहाँ प्रतिवर्ष बाढ़ के बाद नई मिट्टी की परत बिछती रहती है । इस भूमि में धान, और पाट फसलें इतनी उपजती हैं कि भूमि की तुलना सोने से की जाती है।
इसके अतिरिक्त यहाँ बहुतायत से मछलियाँ पकड़ी जाती है।

खनिज-यहाँ खनिज भंडारों की कमी है । चूना-पत्थर, नमक, काँच की बालू, लोहा तथा प्राकृतिक गैस हैं। जमालपुर में कोयला भी मिलता उद्योग-यहाँ आधुनिक उद्योग धंधों का अधिक विकास नहीं हो पाया है। 10% से कम लोग औद्योगिक कार्यो में लगा हैं। चटगाँव में एक तेल शोधक कारखाना है। ढाका में सूती कपड़े की मिलें, चीनी की मिलें, दिनाजपुर में इसके अलावा सीमेट शीशा, रासायनिक खाद, जूट आदि के कारखाने हैं।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1.
बंगलादेश का भौगोलिक वर्णन विस्तार से करें।
उत्तर-
बंगला देश डेल्टाई प्रदेश है जो विश्व के सबसे बड़े गंगा-ब्रह्मपुत्र डेल्टा के मध्य में स्थित है। अधिकतर भाग की ऊँचाई समुद्र सतह से 25 मोटर से अधिक नहीं है । डेल्टा क्षेत्र में इन नदियों की ढाल बहुत कम है जिसके कारण


https://www.evidyarthi.in/

आस-पास के भागों में पानी भर जाता है । मैदान प्रतिवर्ष नदियों द्वारा लाई गई मिट्टी की परतों से बने हैं जिसके फलस्वरूप भूमि अत्यन्त उर्वर है । इसका तटवर्ती क्षेत्र दलदली है । बंगलादेश के पूर्वी तट पर स्थित कॉक्स बाजार विश्व का सबसे बड़ा बालुई 'बीच' है।

बंगलादेश को नौ भू-आकृतिक प्रदेशों में बाँटा जा सकता है-(i) चटगाँव और सिलहट की पहाड़ियाँ (ii) प्राचीन जलोढ वेदिकायें (iii) टिपग धरातल (iv) रेतीला जलोढ़ पंख प्रदेश (v) मोरीबन्द डेल्टा (vi) स्थिर डेल्टा . (vii) दलदली गर्त (viii) गुम्फित तटीय ज्वार भूमि (ix) ज्वारीय डेल्टा

देश की प्रमुख नदियाँ-गंगा, ब्रह्मपुत्र (जमुना) तथा मेघना हैं।
प्रमुख कृषि उत्पाद-धान, जूट, गन्ना, तंबाकू, गेहूँ आदि ।
प्रमुख उत्पादन-चीनी, पटसन के सामान, सीमेंट, मछली, विद्युत उपकरण।
निर्यात-पटसन, चाय, चमड़ा।
आयात-खाद्यान, ईंधन, कपड़े, मशीनरी ।
प्रमुख शहर-ढाका (राजधानी), चटगाँव, खुलना, राजशाही, मेमन सिंह, कोमिला, सिलहट, बारीसल, रंगपुर तथा रारायणगंज ।
क्षेत्रफल-148.393 वर्ग किलोमीटर है।
आवादी-15 करोड़ (2006 ई०) ।

प्रश्न 2.
बंगलादेश की कृषि का आर्थिक महत्त्व बताते हुए प्रमुख व्यापारिक फसलों का वर्णन करें।
उत्तर-
बंगलादेश का अर्थशास्त्र कृषि पर टिका है। देश की 80% जनसंख्या कृषि कार्य में लगी हुई है। कृषि का सकल घरेलू उत्पाद में लगभग एक तिहाई योगदान है । देश की लगभग 63% भूमिपर कृषि कार्य किया जाता है । संपूर्ण कृषि भूमि के 82% क्षेत्र में चावल का उत्पादन होता है। 6% पर जूट, 4% पर गेहूँ तथा अन्य 10% पर सब्जी, फल तथा नकदी फसलें बोयी जाती हैं। यहाँ धान की तीन फसलें अमन (67%), औस (25%), तथा बोरो (3.5%) भूमि पर होती है । यहाँ विश्व का 6% से अधिक कच्चा जूट उगाया जाता है। गन्ना, तम्बाकू तथा गेहूँ आदि अन्य फसलें भी उगाई जाती हैं।


पशुपालन-यहाँ कृषि के पूरक के रूप में प्रचलित है । प्रायः प्रत्येक परिवार अपने उपभोग के लिए मुर्गी या बत्तख, माँस के लिए तथा दूध के लिए मवेशी पालता है। अतः यहाँ फसलोत्पादन, पशुपालन, मछली पकड़ना तथा वानिकी प्रमुख आर्थिक क्रिया हैं । समस्त रोजगार 81% विदेशी व्यापार से प्राप्त आय का 80% तथा राष्ट्रीय उत्पाद का 50% से अधिक कृषि से ही प्राप्त होता है। व्यापारिक फसलें-जूट,चाय, जड़ी-बूटियाँ।

मानचित्र कार्य

प्रश्न 1.
बंगलादेश के मानचित्र पर प्रमुख नदियों एवं नगरों को प्रदर्शित करें।
उत्तर-

(द) श्रीलंका

वस्तुनिष्ठ प्रश्न




बहुविकल्पीय प्रश्न :

प्रश्न 1.
श्रीलंका की आकृति कैसी है ?
(क) आयताकार
(ख) अंडाकार
(ग) त्रिभुजाकार
(घ) वृत्ताकार
उत्तर-
(ख) अंडाकार

प्रश्न 2.
पिदुरतालगाला श्रीलंका की एक प्रमुख स्थलाकृति है
(क) नदी ।
(ख) झील
(ग) शिखर
(घ) गर्त
उत्तर-
(ग) शिखर

प्रश्न 3.
श्रीलंका की राजधानी है
(क) केंडी
(ख) कोलंबो
(ग) जाफाना
(घ) अनुराधानगर
उत्तर-
(ख) कोलंबो

प्रश्न 4.
भारत से श्रीलंका को अलग करता है
(क) पाक जलसंधि
(ख) श्रीलंका जलसंधि
(ग) हरमुल जलसंधि
(घ) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-
(क) पाक जलसंधि

प्रश्न 5.
श्रीलंका में लोकतंत्र की स्थापना कब हुई ?
(क) 1984 में
(ख) 1949 में


https://www.evidyarthi.in/

(ग) 1955 में
(घ) 1956 में
उत्तर-
(क) 1984 में

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1.
श्रीलंका की जलवायु किस प्रकार की है ?
उत्तर-
श्रीलंका की जलवायु मौनसूनी है।
ताप-विषुवत रेखा के नजदीक होने के कारण यहाँ सालो भर गर्मी __पड़ती है और वर्षा होती है । जाड़े की ऋतु यहाँ नहीं होती है। यहाँ जाड़े तथा गर्मी की ऋतुओं में अधिक तापान्तर (5° से० से 7° से०) नहीं के बराबर होता है। जाड़े की ऋतु में औसतन तापमान 22 से० रहता है। पर्वतीय भाग में तापमान 20° से० रहता है।
वर्षा-यहाँ तटीय भाग में 200 से०मी० तक तथा पर्वतीय क्षेत्रों में 500 से० मी० से भी अधिक वर्षा होती है।

प्रश्न 2.
'पूर्व का मोती' श्रीलंका को क्यों कहते हैं ?
उत्तर-
श्रीलंका को रत्नों का द्वीप भी कहा जाता है। यहाँ नीलम, रक्तमणि, पुखराज जैसे रत्नों की प्रचुरता है। यहाँ समुद्र से मोती निकालने का व्यवसाय प्रचलित है। इसी कारण इस द्वीप को 'पूर्व का मोती' कहा जाता है।

प्रश्न 3.
श्रीलंका में किस प्रकार की वनस्पति पायी जाती है।
उत्तर-
श्रीलंका में मुख्यतः विषुवतीय वनस्पति पायी जाती है । यहाँ के वनों में रबर, सिनकोण, गाटापार्चा, और चेल की लकड़ियाँ मिलती हैं। यहाँ करीब 30% प्रतिशत भूमि पर वन पाये जाते हैं। मध्यवर्ती पटारी भाग में सघन वन मिलते हैं। इसके अतिरिक्त तटीय भागों में नारियल के पेड़ मिलते हैं।

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1.
श्रीलंका की जलवायु का वर्णन कीजिए।
उत्तर-
श्रीलंका विषुवत रेखा के अत्यन्त निकट (5° उत्तर) है अतः यहाँ सालो भर गर्मी पड़ती है तथा सालोभर वर्षा होती है । औसत तापमान 27°C रहा करता है । जाड़े और गर्मी के तापमान में 5°C-7°C से अधि क अन्तर नहीं आता । यहाँ जाड़े के मौसम होता ही नहीं। चारों ओर समुद्र होने के कारण जलवायु समशीतोष्ण है। बीच में पर्वतीय भाग में मौसम बहुत सुहावना रहता है । उत्तरी मैदान में वर्षा कम होती है । यहाँ वर्षा दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में जून से अक्टूबर तक दक्षिण पश्चिमी मौनसूनी से और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में दिसम्बर से मार्च तक उत्तर-पूर्वी मौनसून पवनों से होती है। तटीय भागों में 200 से०मी० और पर्वतीय भाग में 500 से०मी० वर्षा होती है।


https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 2.
श्रीलंका की अर्थव्यवस्था पर टिप्पणी लिखें।
उत्तर-
कृषि पर आधारित उद्योग ही यहाँ की अर्थव्यवस्था का आधार हैं। यहाँ चाय, खाद्य-संस्करण उद्योग जैसे-चीनी उद्योग, रबर उद्योग, मछली उद्योग तथा .मसाला उद्योग का विकास हुआ है । ये उद्योग मुख्यतः लघु एवं कुटीर उद्योग के रूप में ही विकसित हो पाये हैं। भारत के बाद विश्व में सबसे अधिक चाय उत्पन्न करने वाला तथा निर्यातक देश यही है । इस देश का अर्थतंत्र चाय पर बहुत हद तक टिका हुआ है। यहाँ मछली पकड़ने का व्यवसाय भी सुव्यवस्थित है। यह एक प्रमुख उद्योग बन गया है और यहाँ की अर्थव्यवस्था का प्रमुख अंग हो गया है। – यहाँ की अधिकांश आवादी कृषि कार्य से लेकर कृषि आधारित उद्योगों में संलग्न है। यहाँ नारियल से गिरियक तेल, रस्सियाँ, चटाई एवं कालीन बनाये जाते हैं। श्रीलंका की अर्थव्यवस्था बहुत हद तक खनन, कृषि आधारित उद्योग, पर्यटन उद्योग एवं मछली उद्योग पर आधारित है।

मानचित्र कार्य

प्रश्न 1.
श्रीलंका के मानचित्र पर एटलस की सहायता से महत्वपूर्ण नगरों को दिखाएँ।
उत्तर-




(य) पाकिस्तान

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

बहुविकल्पीय प्रश्न :

प्रश्न 1.
पाकिस्तान का सबसे बड़ा हवाई अड्डा कहाँ है ?
(क) इस्लामाबाद
(ख) कराची
(ग) स्यालकोट
(घ) मुल्तान
उत्तर-
(ख) कराची

प्रश्न 2.
खेल का सामान बनाने में विश्व प्रसिद्ध है
(क) कराची
(ख) रावलपिण्डी
(ग) स्यालकोट
(घ) लाहौर
उत्तर-
(ग) स्यालकोट


https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 3.
पाकिस्तान की सबसे प्रसिद्ध चोटी तख्त सुलेमान की ऊँचाई क्या है?
(क) 3750 मीटर
(ख) 3770 मीटर
(ग) 3700 मीटर
(घ) 4400 मीटर
उत्तर-
(ख) 3770 मीटर

प्रश्न 4.
सिंधु नदी बहती है
(क) दक्षिण से उत्तर
(ख) पूरब से पश्चिम
(ग) उत्तर से दक्षिण
(घ) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-
(ग) उत्तर से दक्षिण

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1.
पाकिस्तान को 'सिन्धु की देन' क्यों कहा जाता है ? .
उत्तर-
पाकिस्तान की मुख्य नदियाँ हैं-झेलम, चेनाव, रावी सतलज और काबुल । ये सभी नदियाँ सिन्धु को जलापूर्ति करती हैं। यही कारण है कि वर्षा की कमी होते हुए भी यहाँ अच्छी खेती होती है । सिन्धु अपना लम्बा सफर तय करती हुई अरब सागर में गिरती है। अपने लम्बे रास्ते को सिंचाई के लिए जल प्रदान करती है । अतः कहा जाता है कि सिन्धु पाकिस्तान से अनुपस्थित हो जाय तो पूरा देश पत्थरों और रेगिस्तान का ढेर बनकर रह जाएगा।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्नः

प्रश्न 1.
पाकिस्तान की जलवायु की विशेषताओं की व्याख्या करें।
उत्तर-
पाकिस्तान की जलवायु मौनसूनी एवं उष्ण मरुस्थलीय है। एक तरह से कह सकते हैं कि यहाँ की जलवायु विषम है। गर्मी में बेहद गर्म और जाड़े में बेहद सर्दी । एशिया का सबसे गर्म स्थान सिंध का जकोंबाबाद यहीं स्थित है। यहाँ जून में 55°C तापमान मिलता है। यहाँ वर्षा 10 सेंटीमीटर से भी कम होती है ।

बंगाल की खाड़ी से चलनेवाली आई मौनसूनी पवन यहाँ पहुँचते वाष्पशून्य हो जाती है और अरब अरब सागर से आनेवाला मॉनसून यहाँ पहुँच ही नहीं पाता । अत: वर्षा का अभाव है। हाँ जाड़े में भूमध्यसागर से आनेवाली चक्रवात कुछ वर्षा कर पाती हैं। यहाँ वर्षा का वितरण इस प्रकार है-(i) उत्तर के पर्वतपदीय क्षेत्रों में 75 से 80 सेंटीमीटर (ii) पूर्वी मैदान में 35 से 50 सेंटीमीटर और (iii) पश्चिमी क्षेत्र में 10 से 25 सेंटीमीटर । जनवरी में


https://www.evidyarthi.in/

तापमान 10°C के आसपास रहता है । लाहौर में 11.5°C तथा पेशावर में 8.5°C रहता है । साधारणत: पाकिस्तान में जाड़े के मौसम में औसत तापमान 7°C से कम, उत्तर पर्वतीय भागों में बर्फ जम जाती है और गर्मी में औसत तापमान 45°C तक पहुँच जाता है।

प्रश्न 2.
पाकिस्तान के खनन एवं उद्योगों के विकास का वर्णन करें।
उत्तर-
खनिज संपत्ति में पाकिस्तान निर्धन है। वहाँ मिलने वाले खनिज और उनके प्राप्ति स्थान इस प्रकार हैं-(i) जिप्सम साल्ट रेंज में (ii) चूनापत्थर-साल्ट रेंज, सिंध, और उत्तर पश्चिम सीमा पर। (i) सेंध नमक-झेलम जिले में और साल्ट रेंज में (iv) खनिज तेज-अटकनें . (v) प्राकृतिक गैस-सूई (बलूचिस्तान), जहाँ से पाइप लाइन द्वारा मुल्तान, . लाहौर और कराची भेजने की व्यवस्था की गई है। (vi) इसके अतिरिक्ता-कोयला, क्रोमाइट, जिप्सम, लोहा, बॉक्साइट एवं गंधक प्रमुख है। रावलपिण्डी, भजनबल, हैदराबाद के कई क्षेत्रों में कोयला खनन किया जाता है। अंटक, सरगोधा, जितरल एवं मियाँवाली क्षेत्र में से लोहा प्राप्त किया जाता है।

बलूचिस्तान की जोन घाटी में क्रोमियम का भण्डार है। मैगनीज लासबेला और कोहाट क्षेत्र से प्राप्त किया जाता है।

उद्योग-पाकिस्तान उद्योगों के विकास में लगा हुआ है। यहाँ कृषि एवं रसायन पर आधारित उद्योगों को अधिक विकसित किया गया है। इनमें सूती वस्त्र, ऊनी वस्त्र, रेयन, सीमेंट, रसायन, चीनी, कागज और खेल के सामान हैं।


सूती वस्त्र उद्योग-कराँची, मुलतान, हैदराबाद और लाहौर में ।
रेयन उद्योग-कराची में स्थापित किया गया है।।
सीमेन्ट के कारखाने-वाह, दाऊद, खेल, हैदराबाद और कराँची में।
रसायन उद्योग-लायलपुर, खेवड़ी में स्थापित किये गये हैं।

चीनी उद्योग-पेशावर के निकट मरदान में विकसित है । यह एशिया की सबसे बड़ी चीनी मिल है।
कागज उद्योग-नौशेरा में।
खेल का समान-स्यालकोट में ।
परमाणु शक्ति-कुहुटा में स्थपित किया गया है।

मानचित्र कार्य

प्रश्न 1.
पाकिस्तान का रेखा चित्र बनाकर उसके प्रमुख औद्योगिक एवं खनिज केन्द्रों को दर्शाएँ ।


https://www.evidyarthi.in/





https://www.evidyarthi.in/